हिंदी विभाग

विभागीय वार्षिक रिपोर्ट

हिंदी विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 में छात्राओं की रचनात्मकता को उजागर करने एवं हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति रूचि जागृत करने हेतु वर्षभर विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें न केवल हिंदी वरन् अन्य विषयों की छात्राओं नें भी पूर्ण उत्साह से भाग लिया तथा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्राप्त किये।

सर्वप्रथम विभाग की छात्राओं द्वारा 5 सितंबर 2022 को शिक्षक दिवस पर साहित्यिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

10 अगस्त 2022 को दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा "शताब्दी वृक्षारोपण" के अवसर पर "वृक्षारोपण" कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभाग के सभी सदस्यों एवं महाविद्यालय के अन्य शिक्षक साथियों के साथ ही कई छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया एवं महाविद्यालय परिसर में कई पौधों को लगाया गया |

14 सितम्बर 2022 को 'हिंदी विभाग' द्वारा ' हिंदी दिवस' के अवसर पर कई अंतर्महाविद्यालयी प्रतियोगिताओं' का आयोजन किया गया, जिसमें 'स्वरचित कविता लेखन, आशुभाषण प्रतियोगिता एवं स्लोगन पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताएं' सम्मिलित थीं। इन प्रतियोगिताओं में दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया | भारती महाविद्यालय की छात्राओं के अतिरिक्त आत्माराम सनातन धर्म महाविद्यालय, ज़ाकिर हुसैन दिल्ली महाविद्यालय, श्री अरबिंद महाविद्यालय के विद्यार्थी विजयी रहे| कार्यक्रम की सफलता का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों ने इन सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता निभाई, जिसमें प्रत्येक प्रतियोगिता से तीन विद्यार्थियों को विजयी घोषित किया गया और उन्हें नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान का सम्मानित किया गया|

15 सितम्बर 2022 को "कवि सम्मेलन" का आयोजन किया गया | जिसमें "राष्ट्रीय कवि संगम" के रसिक गुप्ता, सरला मिश्रा, विनोद पाल, अभिमन्यु तरंग मुख्य रहे| इन सभी कवियों ने साहित्य के विभिन्न रसों से ओतप्रोत कविताओं के माध्यम से कार्यक्रम को एक नई ऊंचाई प्रदान की| कवयित्री सरला जी ने जहाँ श्रृंगार रस से हमारे श्रोतागण को भाव-विभोर किया तो कवि अभिमन्यु ने वीर रस से, कवि विनोद जी ने हास्य रस की कविताओं से सभी का दिल जीत लिया। हमारे विद्यार्थियों के लिए यह कार्यक्रम कार्याशाला की भांति था जहाँ उन्होंने काव्य के रस और कविता कैसे लिखी एवं पढ़ी जाये इन गुणों को भी सीखा|

16 सितम्बर 2022 को "हिंदी भाषा : तकनीक एवं प्रौद्योगिकी" विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान एवं कार्याशाला का आयोजनं किया गया, जिसमें हिंदी के प्रसिद्ध भाषाविद् "बालेन्दु शर्मा दाधीच" ने हिंदी को तकनीक से जोड़कर हमारे विद्यार्थियों को भविष्य के कई नए रास्ते सुझाएँ जहाँ अभी तक साहित्य के विद्यार्थियों की दृष्टि नहीं गयी थी, बालेन्दु जी ने कार्यशाला में विद्यार्थियों को सिखाया कि कैसे कम्प्यूटर पर हर कार्य बड़ी आसानी के साथ हिंदी भाषा में किया जा सकता है, यही नहीं कंप्यूटर की विंडोस भी अब हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में उपलब्ध हैं, जिसमें हर कार्य हिंदी में सुगम तरीके से संपन्न किया जा सकता है |

दिनांक 10 जनवरी 2023 को हिंदी विभाग द्वारा “विश्व हिंदी दिवस” के अवसर पर “वैश्विक परिदृश्य में हिंदी” विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया जिसमें विद्यार्थियों को वैश्विकरण के दौर में हिंदी के विकास और महत्ता से अवगत कराया गया साथ ही प्रश्नोतरी प्रतियोगिता और कविता पाठ प्रतियोगिता भी की गयी जिसमें न केवल हिंदी बल्कि अन्य विभाग के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया|

28 अप्रैल 2023 को विभाग द्वारा तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं द्वारा नृत्य संगीत गायन सहित कई साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया

विभाग अपनी छात्राओं के बहुमुखी विकास के लिए इतना सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है कि निरंतर विभिन्न प्रकार की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। वर्ष भर छात्राओं को एक ऐसा मंच प्रदान करने का प्रयास किया जाता है। जहाँ छात्राएँ अपने विचारों को खुलकर अभिव्यक्त कर सकें और भविष्य के लिए एक प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। इसी दिशा में अनेक ऐसे कार्यक्रम शृंखलाबद्ध हैं जिन्हें आगामी वर्ष में सम्पन्न किया जाना है और विभाग सदैव अपनी छात्राओं के लिए एक ऐसा मार्ग निर्मित करने के लिए प्रयासरत रहता है, जिस पर चलकर छात्राएँ अपने बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित हो सकें।

डॉ संगीता रानी

(प्रभारी हिंदी विभाग) 2022-23